- डुअल पि.आई. समिश्रण वाले प्रत्येक दवाइयों की उपयुक्त मात्रा निर्धारित करते समय इस परीक्षण का प्रयोग किया जाता है । डुअल पि.आई. समिश्रणों में मिलाये गये दवाइयों को उपयुक्त मात्राओं के बारे मे किसी प्रकार की जानकारी अथवा सलाह न होने के कारण टि.डि.एम परीक्षण द्वारा दवाइयों की उपयुक्त मात्रा निर्धारित करने मे सहायता पहुँचाती है ।

- यदि पहले से ही आपके जिगर और गुर्दे मे नुकसान होने पर या आपको हेमोफिलिया की समस्या होने पर टि.डि.एम परीक्षण की आवश्यकता पढ्ती है । उदाहरण के लिए विभिन्न व्यक्तियों द्वारा लम्बे समये से प्रयोग किये जा रहे दवाइयो के विषय मे लम्बे समय के बाद किये गये अनुसंधान द्वारा यह पता लगा की जिन व्यक्तियो मे जिगर मे कुछ समस्या है उनमे आमप्रिनाभिर तथा आबाकाभिर की मात्रा बहुत अधिक दिखाई दिया है ।

  ऐसी स्थिति में इन दो दवाइयों की मात्रा कम कराना सुरक्षित होने के कारण ऐसी सलाह दी जाती है । जिगर का कार्य सुचारु रुप से न होने के कारण इनको शरीर से बाहर निकालने मे अधिक समय लगता है । ऐसी स्थिति मे प्रत्येक व्यक्ति को दी जाने वाली दवाइयों की मात्रा टि.डि.एम परीक्षण की सहायता से निर्धारण करना पढ्ता है।

- उन बच्चों को जो उपचार के क्रम में है, उनके शारीरीक विकास के दर के अनुसार उनके शरीर द्वारा विभिन्न उम्र मे शरीर द्वारा दवाइयों या किस प्रकार प्रशोधित किया जाता है । इन बातों पर विशेष ध्यान नही दिया जाता । दवाओ की मात्रा शारीरिक तौल अथवा शारीरिक वनावट के आधार तय किये जाने पर भी इन मात्रा पुनः अवलोकन करते है ।

- यदि आप को काफी दस्त लगा हैं या और शारिरीक समस्यायों के कारण दवाइयों का अच्छी तरह से शोखा नही किया गया हो तब ऐसी स्थिति में टि.डि.एम परीक्षण बारे मे विचार करना चाहिए ।

विभिन्न निर्देशिकाओं मे टि.डि.एम परीक्षण की सलाह दिया गया है आपके चिकित्सक द्वारा यह आपको उपलब्ध कराया जा सकता है । आपके द्वारा दवाइयों का सही और नियामित सेवन करने पर भी शरीर द्वारा दवाओ को अच्छी तरह से न शोख ने पर आपका समिश्रण उतना लाभदायक नही भी हो सकता है। टि.डि.एम परीक्षण तथा प्रतिरोध परीक्षण अलग अलग करने से अच्छा दोनो परीक्षण एक साथ कराने से परिणाम अच्छे निकलते है ।

इन्हीविटरी कोशेण्ट (आई.क्यू) तथा भर्चुअल इन्हीविटरी कोशेष्ट (भि.आई.क्यू)

उपचार प्रविधी प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपयुक्त बनाने के उद्धेश्य अलग अलग तरीके अपनाने के क्रम में इन्हीविटर कोशेण्ट तथा भर्चुवल इनहीविटर कोशण्ट मापन परीक्षण आदि का अनुसन्धानों मे प्रयोग किया जा रहा है । रक्त द्वाराकिये जाने वाले उेसेपरीक्षण द्वारा वाइरस के सक्षमता के प्रभाव को देखा जाता है । कुछ दवाइयों का प्रतिरोध करने मे सक्षम अथवा असक्षम वाइरसअन्य वाइरस से शक्तिशाली होते है ।

किसी एक व्यक्ति के दवाओं की संवेदनशीलता (दवाओ की मात्रा से सम्बन्धित) की जानकारी उपलब्ध कराने मे टि.डि.एम और पैतिरोध परीक्षण के साथ ही आईक्यू और भि.आई.क्यू परीक्षण भी किया जाता है । इसके द्वारा और केन्द्रित तथा प्रभावकारी प्रविधी उपलब्ध होते है । ये परीक्षण अभी उपलब्ध नही हैं फिर भी इन पर उत्सुकता पुर्वक अनुसंधान किया जा रहा है ।

समिश्रण प्रविधी परिवर्तन मे उपलब्ध चुनाव

कौन सा समिश्रण प्रयोग करें ?

आपके द्वारा चयन किया जाने वाला समिश्रण पहले प्रयोग किये गये उपचार सम्बन्धी बातों और हाल परीक्षण परिणामों पर निर्भर करता है । यह चयन आपके द्वारा पहले प्रयोग किया गया उपचार असफल होने का कारण तथा दवाओं के संवेदनशीलता नापने के लिए, किए गए परीक्षण के परिणाम पर निर्भर करता है ।

सेकेण्ड लाईन प्रविधि

यदि आपका पिछला समिश्रण आपने पहली बार एच.आई.वी उपचार के लिए प्रयोग किया है, तब सभी पि.आई का आपस मे प्रतिरोध होता हैं और सभी एन.एन.आर.टि, आई का भी आपस मे प्रतिरोध होता है । इसलिए यदि आपके दवाइयो के समिश्रण में एक से अधिक पि.आई अथवा एन.एन.आर.टि आई है तब परीक्षण द्वारा इनमे प्रतिरोध न दिखने पर भी इनका परिर्वतन करना असुरक्षित हो सकता है ।

- यदि आपने पहले समिश्रण मे एन.एन.आर.टि.आई मे आधारित तीन दवाइयों को समिश्रण के प्रयोग किया था तब आप एक या दो पि.आई समावेश द्वारा ३ या ४ प्रकार के नये दवाइयों का प्रयोगकर सकते है ।

- यदि पहले आपने पोटिएज इन्हिविटर मे आधारित समिश्रण प्रयोग किया था । तब आप एक एन.एन.आर.टि.आई समावेश करके कुल तीन नई दवाइयों का प्रयोग कर सकते हैं । पहले समिश्रण असफल हुए व्यक्तियों को दवाइयों के परिर्वतन द्वारा तीन नये दवाइयों के प्रयोग की सलाह दी जाती है ।

एक प्रोटिएज इन्हिविटर के बदले में दुसरे प्रोटिएज इन्हिविटरका प्रयोग

यदि आप एक प्रोटिएज इन्हिविटर मे आधारित समिश्रण जल्दी ही परिर्वतन करते हैं । तब आपको एक नये प्रोटिएज इन्हिविटर और इसको सक्रिय

बनाने के लिए रियेनाभिर के साथ चार दवाओं के समिश्रण का प्रयोग कर सकते हैं अथवा इस समिश्रण दवाओं के साथ कम प्रतिरोध वाले नये प्रोटिएज इन्हिविटर आदि का भी प्रयोग कर सकते है ।

- आप अपने समिश्रण को जितनी जल्दी परिर्वतन करते है उतना ही आपका अगला समिश्रण सफल होने की सम्भावना बढ् जाती है ।
- रिटानाभिर के प्रयोग द्वारा सक्रिय प्रोटिएज इन्हिविटर के प्रयोग द्वारा उपचार की क्षमता बढ्ती जाती है ।
- उपचार के सफलता की सम्भावना प्रोटिएज इन्हिविटर के परिर्वतन के साथ ही अन्य दवाइयों के परिवर्तन की सम्भावना से सम्बन्धित है ।

दो नये न्यूक (डि.फोर.टि, ऐ.जे.टि, थ्री.टि.सी, डि.डि.आई आबाकाभिर टेनोफोभिर, डि.फोर.टि और ए.जे.टि. (एक साथ) अथवा टेनोफोभिर या डि.डि.आई (एक साथ नही) प्रयोग लाभ दायक है । न्यूक के बीच एक आपस मे होने वाला प्रतिरोध बहुत कठिन और जटिल होता है । इस बारे में अनुसंधान जारी है । यदि आपके ए.जे.टि तथा थ्री.टि.सी के साथ प्रतिरोध उत्पन्न होता है तब आपको आबाकाभिर अथवा टेनोफोभिर भी लाभदायक हो सकता है और नही भी हो सकता है । यह बात आपके वाइरस के वनावट में आने वाले परिर्वतन के आधार मे निर्भर करता है । आपमे आबाकाभिर के प्रति प्रतिरोध होने पर थ्री.टि.सी अथवा एफ.टि.सी लाभदायक नही होगा । ए.जे.टि तथा डि.फोर.टि बीच एक आपस मे होने वाले प्रतिरोध के बारे मे अभी भी पूर्ण जानकारी प्राप्त नही हो सका है ।

नई दवाइयों का चयन किस प्रकार किया जाना चाहिए ?

विभिन्न व्यक्तियो मे विभिन्न प्रकार का प्रतिरोध होने के कारण नई दवाईयाँ से कितना फायदा हो सकता है यह दवाइयों के सेवन से पहले नही बताया जा सकता । उन दवाइयों के विषय मे किये गये प्रयोग द्वारा भी इसका समाधान नही हो सकता । पर कुछ सामान्य अवस्थाओं में आपके द्वारा किया जाने वाला दुसरा उपचार सफल होने की सम्भावना बढ् जाती है । यदि आप किसी नये समिश्रण दवाइयों का प्रयोग करना चाहते है , जिनका आपके प्रति प्रतिरोध नहो । आप प्रयोग कर सकते है (पर वाइरस लोड बढ्ने से पहले परिर्वतन करें) । यदि आप कम दवाइयों के स्थान पर अधिक

दवाइयाँ प्रयोग करते है तब आपको प्रत्येक दवाईयों से मिलने वाला लाभ संयुक्तरुप मे प्राप्त हो सकता है ।

सम्भावित सभी उपाय समाप्त होने पर

कभी कभी कुछ दवाओ को बिना प्रयोग रखा जाता है । पर ऐसा करने से समिश्रण जितना सक्षम होना चाहिए उतना नही भी हो सकता है । पहले से प्रयोग नही किये गये दवा द्वारा भी आपको आवश्यक सहयोग प्राप्त हो सकता है । यदि आपको तुरुन्त उपचार की आवश्यकता है तब एक दवा को बिना प्रयोग रखना आवश्यक नही है ।

यदि निकट भविष्य मे किसी दुसरी नयी दवा उपलब्ध होने की सम्भावना दिखाई पढे् तब वह प्राप्त होने तब इनतजार करना उचित होगा। विशेषकर यदि आपका वाइरल लोड स्थिर है तब ऐसा कर सकते है । नई दवाइयाँ एक के बाद दुसरी प्रयोग करने से बहेतर एक साथ ही आरम्भ करना अधिक लाभदायक हो सकता है ।

एक्सपान्डेड एक्सेस प्रोग्राम द्वारा आप नई दवाइयों का लाइसेन्स प्राप्त होने से पहले प्रयोग कर सकते हैं । पर अनुसंधान द्वारा इन नयी दवाओं की सक्षमता प्रमाणित होने पर ही इनका प्रयोग करें । अधिकतर नई दवाईयाँ एक्पान्डेड एक्सेस प्रोग्राम अर्न्तगत उपलब्ध होते हैं । पर ऐसे प्रत्येक प्रोग्राम कभ आरम्भ होगा यह जानकारी प्राप्त करना कठिन है ।

उपचार सम्बन्धी रणनितियाँ

उपचार असफल होने पर उल्लेखित उपायो के अलवा भी कुछ उपाय हैं। एक से ज्यादा दवा के प्रतिरोध उत्पन्न होने पर निम्न उपायों मे किसी एक उपाय को अपनाना चाहिए।

उपचार प्रविधीको और व्यापक और तिब्र बनाना

प्रथम उपचार असफल होने पर अधिक से अधिक दवाओ. का परिर्वतन किये जाने का सख्त निर्देशन होने पर भी, यह नियम विशेष स्थिति मे लागु नही होता। प्रथम उपचार जल्दी असफल होने पर कभी कभी आपके द्वारा प्रयोग किया गया समिश्रण मे एक नई दवा परिर्वतन करना ही पर्याप्त होता है। आपके प्रयोग किये जारहे समिश्रण का परिणाम अच्छा होने पर भी यदि आपका वाइरल लोड ५० कपि प्रति एम.ले से निचे न होने पर आप द्वारा प्रयोग किये जा रहे समिश्रण मे एक और दवा मिलाने पर यह और अधिक प्रभावकारी हो सकता है।

- आपके द्वारा कभी प्रयोग नही किये गये दवाई को समिश्रण मे मिलाइये। तीन दवाई वाले समिश्रण मे एक न्यूक जोडकर उस समिश्रण को चार दवाइयों वाला प्रभावकारी समिश्रण बना सकते हैं।

- यह प्रयोग किये गये अथवा अभी और प्रयोग होने की सम्भावना बाले दवाईयों को समिश्रण मे मिलाइये। यदि थ्री.टि.सी एच.आई.वी को कमजोर बनाती है। तो इनका प्रयोग जारी रखना चाहिए। या पहले प्रयोग किये गये प्रोटिएज इन्हिविटर मे एक आपस मे प्रतिरोध न होने वाले नये प्रोटिएज इन्हिविटर का प्रयोग करें।

  आपका वाइरल लोड गिरने का क्रम जारी रहने पर ही अपने समिश्रण को और प्रभावकारी बनाने के लिए उससे नये दवाइयों को मिलाना आवश्यक होता है। वाइरल लोड पुन बढ्ने पर अथवा वाइरल लोड कुछ हजार कापी प्रति एम.एल से उपर जाने पर प्रयोग किये जा रहे समिश्रण को सक्रिय बनाने के लिए उस में नयी दवा मिलाने की तरह होगा। क्योकि उस नये दवाई के प्रति प्रतिरोध उत्पन्न होने की

  सम्भावना बढ् जाती है। आप अपने समिश्रण के दवाइयों को और अधिक सकिय और प्रभावकारी बनाने के लिए समिश्रण में कुछ दवाइयों की मात्रा बढ्ा सकते हैं।

- प्रमुख पि.आई की क्षमता को बढाने के लिए दुसरी पि.आई मिलाने पर जैसे आटानाभिर इन्हिनाभिर या स्याकुईनाभिर के कार्य को और शक्ति प्रदान करने के लिए इस समिश्रण मे विटोनाभिर मिलाकर

- यदि परीक्षण द्वारा यह मालुम हो कि किसी दवाई की पर्याप्त मात्रा आपके शरीर द्वारा शोषण नही किया गया है तब दवाइयों की मात्रा बढाकर सेवन करे। आपका वाइरल लोड पुनः बढ्ने पर भी आपने समिश्रण दवाइयो का इस प्रकार उनके प्रभाव को बढाकर असर दार बना सकते है। यह क्रिया जल्दी ही करने से आपके द्वारा प्रयोग की गई दवाइयो के प्रति प्रतिरोध उत्पन्न न होकर वाइरल लोड पुनः ५ कपि प्रति एम.एल से निचे गिर सकता है।

टि.टवेन्टी नामक एच.आई.वी के दवा का प्रयोग

टि.टवेन्टी को इनफुभिरटाईड अथवा फ्युनियोन भी कहते हैं। यह स्वीकृती प्राप्त प्रथम एन्ट्री इन्हिविटर है, ये दवाइयाँ प्रतिरोध उत्पन्न करने वाले एच.आई.वी विरुद्ध काम करता है। फिर भी इससे लम्बे समय तक लाभ लेने के लिए इसको और सक्रिय दवाईयो के समिश्रण के साथ समिश्रण मे प्रयोग करना चाहिए। इसलिए टि.टवेन्टी को उपचार असफल होते ही तुरुन्त अन्य दवाइयों मे प्रतिरोध उत्पन्न होने से पहले ही प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। यदि आपको और सभी दवाइयों के प्रति प्रतिरोध उत्पन्न हुआ हो तब आपका सिडी फोर काउण्ट ५० कपि प्रति एम.एम क्युब से उपर किसी भी स्थान पर स्थिर हैं एसी स्थिति मे नई दवाइयाँ उपलब्ध न होने तब इसका प्रयोग नही किया जाना ही उपयुक्त है।

टि टवेन्टी त्वचा मे दिये जाने वाले सुई से दिन मे दो बार प्रयोग किया जा सकता है। आप इसका प्रयोग घर मे भी कर सकते है इसके लिए पशिक्षण दिया जाता हैं। अमेरिका मे हाल विना सुई के इनजेक्सन के बारे मे अध्ययन अनुसंधान जारी है। इससे भविक्ष्य मे टि टवेन्टी के प्रयोग मे आसानी होगी। टि टवेन्टी और टिप्रिनाभिर का प्रयोग एक साथ करने वाले व्यक्तियों

मे टि.टवेन्टी का प्रभाव अच्छा दिखाई पढ़ा है । टि.टवेन्टी को ही केवल नयी दवाई के रुप मे प्रयोग करने से नयी दवाईयाँ उपलब्ध होने पर उनको टि टवेन्टी के साथ प्रयोग करने पर और अधिक अच्छा परिणाम निकलने की सम्भावना होती है ।

समिश्रण मे पाचँ या इससे अधिक दवाइयो का प्रयोग

यदि आपके समिश्रण मे प्रयोग करने के लिए उपयुक्त नई दवाईयाँ नही बची है और अभी प्रयोग हो रही दवाइयों मे प्रति प्रतिरोध उत्पन्न होने पर आपके द्वारा प्रयोग किये जाने वाले समिश्रण मे दवाइयों की संख्या बढाइये । आपके वाइरल लोड को कम करने मे और अधिक सहयोग प्रदान करने वाली दवाईयों का समिश्रण अधिक सख्या मे प्रयोग करने पर भी अच्छे परिणाम निकल सकते हैं । ऐसे समिश्रण मे अधिकतर २ से ३ प्रोटिएज इन्हिविटर होते हैं ।

- किसी भी तरीके से फायदेमन्द किसी भी दवाई का प्रयोग करें ।
- अनुपयोगी दवाइयों का प्रयोग न करें ।

उद्धाहरण के लिए :

यदि आपने ए.जे.टि, थ्रिं.टि.सी तथा डि.डि.आई का प्रयोग किया है तब आबाकाभिर द्वारा आपको सहयोग पहुचाने की सम्भावना नही भी हो सकती है । यदि इसका अन्य दो दवाइयों के साथ प्रयोग किये जाने पर यह भी उतना प्रभावकारी नही होगा । यदि आप इसको ५ या ६ और दवाइयों के साथ प्रयोग करते हैं तब यह कम मात्रा मे प्रभावकारी होने पर भी आपके वाइरल लोड को ५० कपि प्रति एम.एल से निचे पहुचाने में सफल हो सकती हैं । यदि आपके द्वारा प्रयोग किया जा रहा समिश्रण असफल हो रहा हैं और उस में एक प्रोटिएज इन्हिविटर हैं । तब आपमे प्रोटिएज इन्हिविटर के प्रति प्रतिरोध उत्पन्न होने की सम्भावना हो सकती है ।

यदि आपके ३ दवाइयों के समिश्रण में एक नया प्रयोटिएज इन्हिविटर है तब यह प्रर्याप्त नही भी हो सकता है । तीन दवाइयों के समिश्रण मे एक या दो प्रोटिएज इन्हिविटर और मिलाने से आपका वाइरल लोड ५० कपि प्रति एम.एल से निचे पहुचने की सम्भावना अधिक होगी । आपके द्वारा प्रयोग की

जाने वाली सम्भावित अत्तिम समिश्रण प्रविधी सेल्भेज थेरापी में आपको थ्री.टि.सी प्रति प्रतिरोध उत्पन्न होने पर भी इसके प्रयोग बारे सोचिए । क्योकि थ्री.टि.सी का प्रतिरोध करने वाले वाइरस एच.आई.वी के कमजोर वाइरस के प्रकार हैं ।

ऐसे समिश्रण का प्रयोग करना कठिन होने के कारण आपको और अधिक उपरी मद्दत की आवश्यकता पढ् सकती हैं । कुछ क्लीनिक आदि द्वारा दवाइयों के साथ नियमितता तथा अनुरुपता बारे और क्लीनिक से ज्यादा उपयुक्त सहायता पहुँचा सकते हैं । यदि आपको अपने उपचार प्रविधी के बारे मे किसी प्रकार की भी समस्या है तब आपको इसकी जानकारी आपने डाक्टर तथा नर्स को करना बहुत आवश्यक है ।

आपका सेल्भेज थेरापि जितना कमजोर है, यह प्रविधी द्वारा लम्बे समय तब कार्य करने की सम्भावाना उतनी ही अधिक होती हैं । आधारभूत रुप मे देखेने पर सेल्भेज थेरापि वास्तव मे दवाइयों के प्रति प्रतिरोध करने वाले एच.आई.वी वाईरस विरुद्ध लड्ने के लिये नयी दवाईयाँ उपलब्ध न होने तक के लिए सहायक मात्र है । पि.आई और एन.एन.आर.टि, आई आदि का सबसे प्रभावकारी एक मात्रा स्पष्ट करने के लिए पाँ अथवा अधिक दवो के प्रयोग द्वारा किये गये अध्ययन मे टि.डि.एम परीक्षण प्रविधी का प्रयोग किया गया था ।

उपचार को कुछ समय के लिए रोकना (बन्द करना)

उपचार परिर्वतन करने के लिए पहले किये जा रहे उपचार को रोकने के बारे मे किये गये अध्ययन द्वारा एक आपस मे विपरित परिणाम दिखाने पर भी ऐसा करने के लिए कुछ सकारात्मक कारणो के अभाव में ऐसा करने से फायदा से अधिक बेफाइदा अथवा खतरे की सम्भावना अधिक हो सकती है ।

इसके लाभ :

- एच.आई.वी द्वारा अस्थायी रुप मे कम प्रतिरोध होगा और दुसरी उपचार प्रविधी अधिक क्रियाशील हो सकती है ।
- दवाइयों के नकारात्मक प्रभाव से कुछ राहत प्राप्त होती है ।
- दवाओ से मुक्त अवधि द्वारा होने वाली मानसिक संतुष्टि ।

- आपके द्वारा प्रयोग किये जाने वाले नये उपचार प्रविधी द्वारा आपका वाइरल लोड ५० कपि प्रति एम.एल से निचे जाने की अधिक सम्भावना

इसके हानि :

- आपका वाइरल लोड फिर उपर जाता है कभी कभी कुछ सप्ताह मे बहुत अधिक मात्रा मे बढ् सकता है ।
- आपका सि.डी फोर काउण्ट निचे गिर सकता है यदि आपका सि.डी फोर काउण्ट पहले से ही कम होने पर यह स्थिति और भी गम्भीर हो सकती है । यदि आपका सिडी फोर काउण्ट विगत मे कुछ समय तक बहुत कम था तब ऐसी स्थिति मे समस्या उत्पन्न हो सकती है ।
- कभी कभी सिडी फोर काउण्ट कम होने पर आपके नये समिश्रण द्वारा वाईरल लोड कम करने में सफल होने पर भी सिडी फेर काउण्ट को बढ्ने मे कठिनाई उत्पन्न हो सकती है । एक अध्ययन के अनुसार एच.आई.वी के साथ सम्बन्धित रोगों का खतरा सि.डी फोर काउण्ट निचे गिरने से बहुत अधिक होता है । लैकिन दुसरे अध्ययन मे यह नही दिखाय गया है । यह हाल के और पहले के सबसे कम सि.डी फोर काउण्ट से सम्बन्धित हो सकता है ।

इस सम्बन्ध मे किये गये विभिन्न अध्ययनों के सामुहिक परिणामों के अलावा उपचार मे प्रतिक्रिया के बारे व्यक्तियो के विचार को देखने से यह मालुम होता है, कि एक से अधिक दवाओ के प्रति प्रतिरोध के लिए प्रत्येक बिमार व्यक्ति मे स्थिति अनुसार उपयुक्त उपाय अपनाना चाहिए । यदि आप अपने उपचार को कुछ समय के लिए बन्द करते हैं । तब यह जरुरी है कि आप अपना सिडी फोर काउण्ट प्रत्येक महिने के अन्तराल मे परीक्षण कराते रहे । और अपने सिडी फोर काउण्ट मे आये परिर्वतन के अनुसार उपना उपचार कब आरम्भ करें इसका निर्णय करना चाहिए ।

इस प्रकार कुछ सप्ताह बाद ही उपचार आरम्भ करना पढ् सकता है अथवा महिनों तक भी उपचार की आवश्यकता नही भी पढ् सकती है । इस प्रकार प्रतिरोध परीक्षण और मात्राओं का अवलोकन करने के लिए विभिन्न परीक्षण प्रविधी का प्रयोग करना चाहिए । इस प्रकार के परीक्षण द्वारा आपको प्रति दवाइयों का प्रतिरोध, एच.आई.वी विरुद्ध प्रयोग की जाने वाली दवाइयों तथा उनकी उपयुक्त मात्रा जानने में सहायता पहुँचाती है ।

एक अत्यन्त रोचक अध्ययन के अनुसार यदि आपका थ्री.टि.सी मे प्रतिरोध होने पर (एम १८४ वाइरस परिर्वतन से) आप यदि उपचार रोकना चाहते हैं । तब सभी दवाइयों को बन्द करने से बेहतर थ्री.टि.सी का प्रयोग अधिक उपयुक्त हो सकता है । इस प्रकार दवाइयो के प्रति इससे खराब प्रतिरोध उत्पन्न नही होगा । तथा वाइरस के वनावदट मे हो रहे परिर्वतन से एक कम शक्तिशाली एच.आई.वी का निर्माण होगा । जिससे आपका वाइरल लोड कम ही रहेगा । अप्टीमा नामक अध्ययन, शरीर मे हाल उपलब्ध दवाइयों के प्रति प्रतिरोध हुए व्यक्तियों के लिए किये जाने वाला अध्ययन है । यह एक बहुत बड्ा अन्तराष्ट्रिय अध्ययन है । इंगलेण्ड मे २० से अधिक स्थानों मे यह अध्ययन किया जाता है ।

इन अध्ययन द्वारा यह जानने की कोशिश की जारही है कि उपचार प्रविधी को लगातार जारी रखना उपयुक्त है अथवा बीच बीच मे रोकना अधिक लाभ दायक है । इसी प्रकार ५ या इससे अधिक दवाइयों के समिश्रण का प्रयोग अधिक उपयोगी है अथवा ३ या चार दवाओं का समिश्रण का प्रयोग अधिक उपयोगी है इस प्रकार इनका तुलनात्मक अध्ययन किया गया है । आप इसमें से किसी भी विकल्प को अपना सकते है । और दुसरा विकल्प अनिश्चित प्रयोग कर सकते हैं । आपके द्वारा प्रयोग की जाने वाली उपयुक्त दवाइयों का चयन कर सकते हैं । आप इस अध्ययन द्वारा उपलब्ध नये उपचार प्रविधी प्राप्त होने पर उनका भी प्रयोग कर सकते है ।

इस अध्ययन प्रविधी मे समावेश होने के लिए आपका वाइरल लोड २५०० कपि प्रति एम.एल से उपर तथा सि.डी फोर काउण्ट ३०० सेल पर एम.एल क्यूब से निचे होना आवश्यक है । रिटोनाभिर क प्रयोग और पि.आई आदि को सक्रिय बनाने के लिए प्रयोग किये जाने पर इसे दवाई के रुपमे नही देखा जाता है । यह अध्ययन २ वर्ष तक जारी रहेगा पर इस अध्ययन और अन्य अध्ययन के परिणाम द्वारा एक से अधिक दवाइयों के प्रति प्रतिरोध उत्पन्न होने पर अपनाये जाने वाले किसी एक द्वारा स्पष्ट लाभ होने पर यह अध्ययन जल्दही समाप्त होगा ।

दवाइयों के सक्रिय बनाना तथा प्रयोग की गई दवाइयों का फिर प्रयोग करना

यदि आप हाल उपलब्ध दवाइयों मे अधिकतर दवाइयों का प्रयोग कर चुके हैं । फिर आप पहले प्रयोग किये गये दवाइयों का ही नया समिश्रण बना कर

प्रयोग कर सकते है । कभी कभी आपके द्वारा पहले प्रयोग किये गये सभी दवाइयों के प्रति प्रतिरोध उत्पन्न नही भी हुआ हो सकता है । दवाइयो की मात्रा बढ़ाने से कभी कभी दवाओं के प्रतिरोध को दबाया भी किया जासकता है । लम्बे समय से रिटोनाभिर का प्रयोग रत्त, में होने वाले अन्य प्रोटिएज, इन्हिविटर की मात्रा को बढ़ाने और शक्तिशाली बनाने का कार्य करती है । ऐसा करने से उपचार द्वारा अधिकतर अच्छे परिणाम निकलते हैं ।

कुछ प्रोटिएज इन्हिविटर द्वारा कोष के अन्दर पाये जाने वाले और पि.आई की मात्रा को बढ़ाता है । मात्रा की यह वृद्धि महत्व पुर्ण होती है । उदाहरण के लिए आटाजानाभिर तथा स्थाकुईनाभिर को एक ही समिश्रण मे टिोनाभिर की कम मात्रा प्रयोग करके प्रभावकारी (शक्तिशाली) बनाने पर कोष के अन्दर स्याकुईनाभिर कुछ अधिक मात्रा और समय तक रहती है ।

रिटोनाभिर के प्रयोग द्वारा सक्रिष्य बनाये गये दो पि. आई वाले समिश्रण बारे अनुसंधान आरम्भ हो चुका है । कुछ एच.आई.वी से सम्बन्ध न रखने वाली दवाइयों द्वारा एच.आई.वी दवाओ की प्रतिरोधत्मक शक्ति को बढ़ाकर प्रतिरोध से बचने मे काफी सहायता पहुँचाती है । हाइड्रोक्सियुरिया के प्रयोग से शरीर में डि.डि.आई के प्रति प्रतिरोध उत्पन्न होने पर उसे दबाया जा सकता है और डि.डि आई को फिर सक्रिय बनाया जा सकता है । पर इसके नकारात्मक प्रभावों के कारण इसका बहुत कम प्रयोग किया जाता है । हाइड्रोक्सियुरिया को एक से अधिक न्युक्लयोसाइड के साथ प्रयोग करते समय सावधानी पूर्वक करना चाहिए । इस प्रकार प्रयोग करने पर हाइड्रोक्सियुरिया का प्रयोग दैनिक ३०० मि. ग्राम दो बार करना चाहिए ।

दुबरा प्रयोग करने में लाभदायक दवाइयों में डि.डि.आई भी एक महत्वपूर्ण दवा है । एक छोटे से अध्ययन द्वारा यह बताया गया है, आपमे न्यूक्लियोसाइड के साथ प्रति प्रतिरोध होने पर डि.डि.आई. द्वारा वाइरस के चार बार परिवर्तन होने (म्युटेशन) तक भी वाइरल लोड को कम करता है । हाइड्रोक्सियुरिया द्वारा डि.डि.आई की सक्षमता अथवा सक्रियता बढाती है इसी प्रकार आबाकाभिर की सक्षमता अथवा सक्रियता बढ़ाने में माइकोफेनोालिक एऐसिड (माइकोफिनेलेट मोफिटिल सेलसेप्ट) के प्रयोग बारे कुछ अध्ययन किये गये हैं । लेकिन इनके परिणाम लाभदायक नही है ।

६ य ७ दवाओ के समिश्रण मे एक या दो नई दवाइयाँ होने पर भी यह उपयोगी हो सकती हैं । यदि आपके द्वारा सभी विकल्पो का प्रयोग किया जा चुका है, तब पहले प्रयोग किये गये दवाओ से ही एक समिश्रण तैयार कर सकते हैं ।

विकसित हो रही दवाओ का प्रयोग

एक्सपान्डेड एक्सेस प्रोग्राम अन्तर्गत प्राप्त नयी उपचार प्रविधी के बारे मे जानकारी प्राप्त करे । एक के अलावा अन्य सभी दवाओ के प्रतिरोध होने पर अथवा आपका स्वास्थ ठीक होने पर आपको जल्दी बाजी नही करना चाहिए । नये प्रोटिएज इन्हिविटर जैसे टिप्रानाभिर और टि.एम.सी ११४ उन व्यक्तियों के लिए लाभदायक हो सकता है जिनका प्रतिरोध प्रोटिएज इन्हिविटर आदी से हैं । और ये दवाईयाँ २००५, २००६ तक वृहद रुप मे उपलब्ध होगे । विकसित होने के क्रम मे कुछ पिछे एन.एन.आर.टि.आई. के प्रतिरोधात्मक वाईरस विरुद्ध काम करने वाले नये एन.एन.आर.टि.एच.सी १२५ है । ये दवाइयाँ अध्ययन के क्रम में विभिन्न क्लिनिक से प्राप्त हो सकते है ।

तीन नये एन्ट्री इन्हिविटर द्वारा अच्छे परिणाम प्राप्त हुये है । इन दवाओं को सि.सि.आरफाईभ ब्लकर्स कहते है तथा ये सिडी फोर कोषो को वाइरस के आक्रमण से पहले कम करते है । विकास के क्रम मे पिछडे यें तीन दवाइयाँ जि.एम.के ७३१४०, एस.सि.एच.डि तथा यू.के ४२७५७ हैं । ये दवाईयाँ पुराने प्रतिरोधात्मक वाइरस के विरुद्ध बहुत प्रभावकारी है । इनको मुह के सेवन करना पढ़ता है । यह स्पष्ट नही है कि ये दवाईयाँ एच.आई.वी अधिक विकासित होन पर और और सिडी फोर काउण्ट बहुत कम होने पर यह प्रभावकारी हो सकता है या नही । एच.आई वी बहुत अधिक विकसित होने पर इससे सि.सि.आर.फाईभ का प्रयोग बन्द करने पर सि एक्स सी आर फोर नामक और रिसेप्टोर का प्रयोग करते हैं ।

इन्टीग्रेज इन्हिविटर वाइरस के जीवन चक्र के दुसरे भाग मे काम करता है । एल ८७०८१० के विषय मे किये गये प्रथम अध्ययन द्वारा इन्हे उपयोगी दिखाने के बाबजुद इनके द्वारा उत्पन्न होने वाली विषाक्तता के कारण इनका विकास कार्य बन्द किया गया । सामान्य रुप से इन दवाइयो का प्रयोग मे और अधिक वर्ष लग सकते है ।

फरवरी २००५ मे हुए रेट्रोवाईरस कन्फ्रेन्स में मेजुरेशन इन्हिविटर के विषय में किये गये प्रथम अध्ययन परिणाम प्रस्तुत किया गया था। एच.आई.वी के जीवन चक्र के अन्तिम भाग में यह प्रभावकारी है साथ ही इनसे संक्रमित न होने वाले वाइरस पैदा होते है।

अत्याधुनिक उपचार प्रविधी की तरह एक से ज्यादा दवाओ की समिश्रण प्रविधी उपचार को कुछ समय के लिए बन्द करनातथा विकास के क्रम मे पाये जाने वाली ननई दवाओ के बारे मे जानकारी प्राप्त करे ।

नये विकासित हो रहे दवाओं के विषय मे जानकारी अन्तिम पृष्ट मं् है।

वाइरल फिटनेस अथवा वाइरस द्वारा नये वाइरस उत्पादन समय की क्षमता

सेल्भेज थेरापि के विषय मे इस किताब मे दी गई सभी प्रक्रिया कई वर्षो से प्रयोग मे आ रही हैं। हाल कुछ शोधकर्ताओ द्वारा वाइरस फिटनेस अथवा वाईरस द्वारा नये वाइरस उत्पादन क्षमता को नये तरिके के प्रयोग किये जाने की सम्भावना की ओर अवलोकन किया गया है।

वाइरस फिटनेस का अर्थ एच.आई.वी द्वारा नये एच.आई.वी वाइरस को पैदा करने की क्षमता है। एच.आई.वी वाइरस मे होने वाले परिर्वतन द्वारा एच.आई.वी के विभिन्न दवाओ से प्रतिरोध के लिए सक्षम बनाता है। और साथ ही इन्ही परिर्वतन द्वारा एच.आई.वी को कमजोर भी बनती है।

प्रतिरोधक वाइरस मुख्य वाईरस से कुछ कमजोर होते हैं। उदाहरण के लिए अधिकतर व्यक्तियों के वाइरस के १८४ वी जैसे परिर्वतन होने पर भी थ्री.टि.सी के प्रयोग को जारी रखते हैं। ऐसे परिर्वतन के कारण वाइरल लोड निचे ही रहने से ऐसा किया गया हैं। कुछ महिने बाद वाइरस अपने कमजोरी को धिरे धिरे हटाने लगती है। इसी कारण शोधकर्ताओं ने व्यक्तियों मे परिर्वतित तथा कमजोर वाइरस की उपस्थिति कायम रखने के लिए उनके समिश्रण को प्रत्येक ४से ८ सप्ताह मे परिर्वतन की आवश्यकता महशुश की गई। इस प्रविधी पर अध्ययन नहोने पर भी यह प्रविधी उन व्यक्तियो के लिए जिनका कोई विकल्प नही है, उनके लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होती है।

इस प्रविधी अर्न्तगत हरेक समिश्रण मे अधिक दवाओं का प्रयोग कर सकते है। पाँच दवाओ के समिश्रण से होने वाले नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है। एक इटालियन अध्ययन द्वारा ३४ उपचार अनुभवी संक्रमितों मे प्रयोग करके इस प्रविधी को किस प्रकार प्रयोग मे किया जा सकता है, यह बताया गया है।

इसके अर्न्तगत जेनोटाईप प्रतिरोध परीक्षण परिणाम मे आधारित होकर वाइरल लोड पुनः १०,००० कपि से उपर होने पर (और सक्ष्म वाईरस विकसित होने का संकेत) संमिश्रण प्रविधी मे परिर्वतन किया गया।

प्रत्येक समिश्रण मे ३ से ४ तब दवाईयों को समावेश किया गया था यह प्रविधी दो वर्ष से अधिक अवधि तक यथावत रुप में उपयोगी रहा और इसके अर्न्तगत प्रत्येक समिश्रण औसत लगभग ६ महिना तब उपयोगी रहा।

इसके प्रयोग से प्रत्येक ४ महिने मे व्यक्तियों के सि डी फोर काउण्ट की मात्रा मे उल्लेखनीय वृद्धि होने पर पाचँ या अधिक दवाओ के समिश्रण का प्रयोग अथवा कुछ अवधि के लिए उपचार के क्रम को रोकना चाहिए। इस प्रयोग से वाईरल लोड की मात्रा ५० कपि प्रति एम.एल से निचे रखने का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। ऐसा होने पर नये दवाओं के उपलब्ध न होने तक उपचार मे महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर सकती है।

उपचार क्रम को जारी रखने पर होने वाला लाभ

- ***आपका वाइरल लोड ५० कपि प्रति एम.एल से उपर होने पर आप नये उपचार प्रविधी की प्रतिक्षा में है तब हाल एक प्रोटिएज इन्हिविटर वाले उपचार प्रविधी का प्रयोग करते समय सभी दवाइयों को बन्द करने से प्रयोग जारी रखना सुरक्षित होगा ।***
- ***यदि आपना सिडी फोर काउण्ट १०० सेल्स पर एम.एम क्युब से निचे होने पर विशेषरुप से लागु होता है ।***

सम्पूर्ण उपचार प्रविधीको बन्द करने से प्रविधी जारी रखना सुरक्षित होगा।

प्रयोग की जा रही दवाइयों के प्रति प्रतिरोध उत्पन्न होने पर भी समिश्रण मे न्यूक आदि तथा १ य २ प्रोटिएज इन्हिविटर होना आवश्यक है। आपका

सिडी फोर काउण्ट २०० से निचे होने पर भी उपचार प्रविधी को जारी रखना महत्वपूर्ण है । आपका वाइरल लोड बहुत अधिक होने पर इफाभिरेन्ज या नेभिरापिन के प्रयोग से फायदा नही भी हो सकता है ।

उदाहरण के लिए एक प्रतिरोध परीक्षण परिणाम द्वारा आपके एच.आई.वी मे दवाओ के प्रतिलरोध के कारण परिर्वतन दिखाई पढ्ता है तब उन दवाओ का एच.आई.वी विरुद्ध किसी प्रकार के प्रभाव की सम्भावना नही होता ।

यदि आपके पास उपचार प्रविधी चुनाव करने का कोई विकल्प नही हैं यदि आपका सि.डि फोर काउण्ट कम है । -इस स्थिति मे उपचार को अस्थायी रुप मे बन्द करना जोखिम पुर्ण हो सकता है) हाल प्रयोग की जा रही उपचार प्रविधी को सहने करने की सीमा तक जारी रखने से फिर भी इससे कुछ फायदा हो सकता है । इसके द्वारा आपको दवाओ के प्रतिरोध से बचारकार आपके सिडी फोर काउण्ट को सुरक्षित स्तर पर रखना बहुत महत्वपूर्ण है ।

यदि आप नई दवाइयों प्रोटिएज इन्हिविटर का इनतजार कर रहे हैं । ऐसी स्थिति मे कुछ शोधकर्ता आपको न्यूक समिश्रण वाले नये प्रोटिएज इन्हिविटर उपलब्ध न होने तब सहयोग के रुप में न्यूक के अलाक अन्य समिश्रणका प्रयोग जारी रखे । यह नये पि.आई के प्रति प्रतिरोध के बढ्ने की सम्भावना को कम करती है । यदि आप दुसरी दवाई के.आई न्युक का इनतजार कर रहे है तब रिटोनाभिर द्वारा सक्रिय बनाये गये प्रोटिएज इन्हिविटर के समिश्रणको सहयोग के रुप मे प्रयोग कर सकते है ।

नई दवाइयाँ उपलब्ध न होने तब प्रयोग किये जाने वाले समिश्रण द्वारा बहुत अधिक बर्षो तक लाभ हो सकता है लेकिन हर हमेशा सदा के लिए नही । यदी आप इस स्थिति मे है तब अपने स्वास्थ का परीक्षण उचित रुप से करते रहना चाहिए ।

दवाओ के नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए उपचार परिर्वतन करने पर

इस किताब मे पायी जाने वाली जानकारीयाँ अभी प्रयोग किये जा रहे समिश्रण का प्रभाव समाप्त होने पर उपचार परिर्वतन चाहने वाले व्यक्ति की सहायता के लिए दिया गया है । अधिकतर व्यक्ति नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए अथवा प्रयोग मे आसान प्रविधी अपनाने के लिए उपचार परिर्वतन करते है । समिश्रण के नकारात्मक प्रभावों को सहन करने मे आसान समिश्रण अपनाने की प्रकृया दवाइयों के असफल होने पर समिश्रण परिर्वतन की प्रकृया से आसान होती है । आपके द्वारा प्रयोग किये जाने वाला समिश्रण सहन करने मे आसान समिश्रण होना चाहिए ।

एच.आई.वी उपचार के लिए २० से अधिक दवाइयाँ उपलब्ध होने का कारण चुनाव के लिए बहुत से अवसर प्राप्त है । पहले चिकित्सक एच.आई.वी विरुद्ध प्रभावकारी किसी भी दवा के परिर्वतन के लिए अनिच्छुक होते थे, पर आजकल ऐसा नही होता । एक ही प्रकार के सक्षमता वाले दवाइयाँ वर्तमान तथा भविष्य मे प्रयोग किये जाने पर दवाओ एक एक करके परिवर्तन करना सुरक्षित होता है ।

ऐसा करने से आपका स्वास्थ अच्छा होगा और आपका वाइरल लोड ५० कपि प्रति एम.एल से निचे रहेगा । इससे भी आपके विगत के उपचार प्रक्रिया की प्रमुख भुमिका होती है । प्रत्येक बार उपचार परिर्वतन के पश्चात वाइरल लोड परीक्षण करना आवश्यक है ।

एक पि.आई के परिर्वतन से एक एन.एन.आर.टि.आई का प्रयोग करने पर इस से लीपोडिस्ट्रोफी से सम्बन्धित चर्बी की मात्रा बढ्ने अथवा प्रशोधित परिर्वतन से बचने या उल्टा करने मे सहायता पहुचाती है । ऐसा करने पर से कोर्लास्ट्राल तथा ट्रिग्लिसेराइड आदि की मात्रा को भी कम किया जा सकता है । पर इसके विषय मे परिणाम उतने स्पष्ट नही है । ऐसा होने से कम दवाओ वाले और भोजन मे कम परहेज वाले समिश्रण का निकार्ण हो सकता है ।

अधिकतर यदि आपके शरीर मे चर्बी की वृद्धि हो रही है (पेट, सिने, और कन्धे मे) इससे सहयोग पहुचाती है । यदि आपने अधिक उपचारों का प्रयोग किया है, ऐसी स्थिति मे आपका वाइरल लोड पुन बढ्ने की सम्भावना होती है । बहुत से उपचार प्रविधी के प्रयोग किये गये व्यक्तियो मे १० प्रतिशत व्यक्तियो मे ऐसा पाया गया है । यदि आप समिश्रण परिर्वतन करना चाहते हैं । आपको अपने समिश्रण सक्षमता का पुरा ध्यान देना चाहिए । यदि आपको शंका होने पर आपके द्वारा प्रयोग किये जाने वाले समिश्रण मे ३ के स्थान पर दवाओ का या उस से अधिक दवायाँ का प्रयोग करे ।

न्युक एक आपस से परिर्वतन करते समय

अधिकतर समिश्रण मे कम से कम दो न्यूक (ए.जे.टि, डि.डि.आई, थ्री.टि.सी, एफ.टि.सी, आबाकाभिर, टेनोफोरभिर) होते है । अधिक न्यूक का कार्य एच.आई.भी विरुद्ध एक ही प्रकार का होता है । जब तक आपमे दवाओ का प्रतिरोध नही होता, यदि ए.जे.टि और डि.फोर.टि को एक ही समिश्रण मे प्रयोग नही किया गया है । तब एसी स्थिति में उपयुक्त समय अनुसार समय मे इनको एक आपस मे परिर्वतन कर सकते हैं ।

- यदि आपमे पेरिफेरल न्युरनेथेरापी के संकेत (हात पैर मे दर्द और सेन्सलेस होता) दिखनेलगे तब ये डि.डि.आई. अथवा कभी कभी थ्री.टि.सी के प्रयोग से सम्बन्धित हो सकता है । स्नायुओं मे नुकसान स्थायी रुप लेने से पहले ही दवाइयों मे परिर्वतन करना चाहिए ।

- डि.फोर.टि तथा ए.जे.टि दोनो के प्रभाव स्वरुप चेहरे से चर्बी कम हो सकती है । इसलिए आजकल इनके स्थान पर इससे अलग प्रकार से असर करने वाले आबाकाभिर अथवा टेनोफोभिर का प्रयोग किया जाता है ।

- यदि आपको ए.जे.टि अथवा ड्ओभिर या ढूओभिर एन (दोनो मे ऐ.जे.टि होता है) के प्रयोग से मिचली आती है या थकान महशुश होता है । तब आपको समिश्रण परिर्वतन करना चाहिए । तीन न्युक्लियोसायड वाले समिश्रण विशेष परिस्थिति के अलावा प्रयोग करने की सलाह नही दी जाती है ।

एन.एन.आर.टि.आई के बीच परिर्वतन करने पर नेभिरापिन तथा ईफाभिरेन्ज दोनो की एच.आई.वी विरुद्ध सक्षमता एक होने पर भी इनके नकारात्मक

प्रभाव अलग अलग होते है । नेभिरापिन द्वारा अवसर होन वाले नकारात्मक प्रभाव मे त्वचा सम्बन्धी रोग (फुन्सीया) तथा जिगर की विषाक्तता है । व्यवहार मे परिर्वतन, निन्द्रा मे निन्द न आना विभिन्न प्रकार के सपने देखना ये ईफाभिरेन्ज द्वारा अधिकतर होने वाले नकारात्मक प्रभाव है ।

यदि आप इन दो दवाइयों मे से किसी एम वा प्रयोग कर रहे हैं और इसके नकारात्मक प्रभावों को सहन करना कठिन हो रहा है । तब आप आपने उपचार को बन्द किये विना अथवा समिश्रण के अन्य दवाओं का परिर्वतन किये विना इसके बदले में दुसरी दवा प्रयोग कर सकते हैं । दवा परिर्वतन के बाद मेभिरापिन का प्रयोग आरम्भ करते समय पहले दो सप्ताह तब इसकी कुछ कम मात्रा (दिन मे २०० एम.जि. एक बार मे) सेवन करना चाहिए ।

पि.आई आदि एक आपस मे परिर्वतन करते समय

एक पि.आई का परिर्वतन करके दुसरे पि.आई का प्रयोग करते समय कुछ कम प्रभावकारी समिश्रण का चयन नही करना चाहिए । किसी एक पि.आई को दो पि.आई के समिश्रण के साथ परिर्वतन करते समय आसानी होती ह। दो पि.आई मिलने को और अधिक सक्षम माना जाता है । दो पि.आई के समिश्रण के पि.आई को और पि.आई आदि मे साथ परिर्वतन के बारे मे अनुसंधान नही स्वीकृत होने से पहले ही उपचार के क्रम मे आवश्यकता होती है ।

दवाइयों की व्यवस्था तथा प्रयोगिक दवाइयों

उपचार के बहुत सी प्रविधी का प्रयोग कर चुके व्यक्ति अच्छे परिणाम देने वाले पर विना लाइसेन्स के दवाओं ो इनके निर्मता कम्पनी एक्स पाण्ड्ड एक्सेस प्रोग्राम या इमरजेन्सी एक्सेस प्रोग्राम (ई.ए.पि) अन्तरगत उपलब्ध कराते है। ऐसी दवाओं के सम्पूर्ण स्वीकृत होने की प्रकृया पुरा होने तक इनतजार करना मुस्किल तथा तुरन्त उपचार की आवश्यकता पढ्ने वाले व्यक्तियो के लिए (ई.ए.पि) सचालन किया गया है।

ऐसी दवाईयाँ एक सफल अन्तिम अथवा सेल्भेज थेरापि उपचार के मुख्य कारण हो सकते हैं। यदि आप इनका प्रयोग कर रहे है, तब इसके नकारात्मक प्रभावों का अच्छी तरह परीक्षण किया जाता है। इस दवाइयों का असर सन्तोष जनक है या नही यह भी परीक्षण किया जाता है। ऐसे कार्यक्रम सभी चिकित्सालय मे प्राप्त नही होते। ऐसे किलिनिक के बारे मे आपके चिकित्सक द्वारा जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इन कार्यक्रम के अर्न्तगत कैसी दवाइयाँ उपलब्ध है इसकी जानकाररी रखिए। और इनका चुनाव आपने डाक्टर की सहायता से किजिए।

नई दवाओं का नाम	इसका काम	अवस्था
टिप्रोनाभिर	लाइसेन्स प्राप्ती के क्रम में या पि.आई.इसको रिटोनाभिर के प्रयोग द्वारा सक्रिय बनाया जाता है। साथ ही यह कुछ पि.आई विरोधी वाईरस के विरुद्ध भी काम मरता है।	नेम्ड पेशेष्ट कार्यक्रम अर्न्तगत उपलब्ध है।
टि.एम.सी १४४	पि.आई आदि के प्रतिरोध विरुद्ध भी काम करने वाला पि.आई	इगलेण्ड मे किये गये प्रयोग मे २००५ मे ई ए पि उपलब्ध
टि.एम.सी १२५	एन.एन.आर.टि.आई आदि के विरुद्ध प्रतिरोध मे काम करने वाला एन.एन.आर.टि.आई	इगलेण्ड मे प्रयोग होने वाले जगहों पर
मराभिरक यू.के ४२७,८५७	पहले अध्ययन मे दवाओ के प्रतिरोधात्मक एच.आई.वी विरुद्ध सक्षमता वाले एन्ट्री इन्हिविटर आदि इगलेण्ड के प्रयोगो के अर्न्तगत उपलब्ध	इसके विषय अे दुसरा और तिसरा अधययन इगलेण्ड ने जारी
एस.सि.एच.डि	पहले अध्ययन के क्रम मे रहे एन्ट्री इन्हिविटर आदि	इनके किये गये नये अध्ययन बारे जानकारी प्राप्त करें।

पेग ईन्टरफेरोन (ईन्टर फेरोन ए)	हेपाटाईटिस सी के उपचारार्थ सप्ताह मे एक बार इनजेक्सन द्वारा प्रयोग किये जाने वाली दवाई। प्रत्येक प्रयोग के बाद एच.आई.वी विरुद्ध किये जाने वाले कार्य का नकारात्मक प्रभाव मे वृद्धि (नियमित ईन्टर फेरोन ए प्रयोग से भी यही परिणाम निकलता है।)	पेग सिमित मात्रा में प्रयोगगिक रुप में उपलब्ध लेम्ड पेशेण्ट कार्यक्रम अनर्तगत उपलब्ध हो सकता हैं।
जि.एम.सि.एस.एफ	आपके प्रतिरोधात्मक शक्ति मे वृद्धि करवाने के लिए प्रयोग की जानेवाली दवाई। सिडी फोर काउण्ट ५०सेल पर एम.एम क्यूब से निचे होने वाले व्यक्तियो मे इसके प्रयोग से नयी बिमारिया होने की सम्भावना कम दिखाई पडी।	यह स्वीकृत दवाई है। और उपलब्ध है।
हाइड्रोक्सियुरिया	३० वर्ष पुराने क्यान्सर विरुद्ध उपयोगी एक दवाई। यह एच.आई वी को डि.डि.आई का प्रतिरोध के लिए सक्षम बनाता है। आजकल इसका प्रयोग बहुत कम होता है। प्रयोग होने पर इसकी मात्रा ३०० एम.जि. दिन मे दो बार।	यह एक लाईरसेन्स प्राप्त दवा है। डि.डि.आई तथा डि.फोर.टि के साथ प्रयोग मत किजिए।
माईकोफेनोभिक	यह दवा एच.आई.वी को आबाकाभिर से प्रतिरोध करने मे सक्षम बनाता सिमिति अध्ययन द्वारा ये दवाई दिन में ५०० एम जि दो बार प्रयोग करने से फायदा होता हैं।	यह एक लाइसेन्स प्राप्त दवा है।
एल एसिटिल कार्नीटिम	यह एक एमिनो एसिड है। यह एच.आई.वी विरुद्ध कुछ प्रभाव या काम नही करती लेकिन इसके प्रयोग द्वारा न्यूक आदि के प्रयोग से होने वाले पेरिफेरल न्यूरोप्याथी को कम करने या उल्टा करने मे सहयोग प्रदान करती है।	यह लाइसेन्स प्राप्त दवा है तथा डाक्टर के सिफारिस द्वारा उपलब्ध हो सकता हैं।

यह किताब संशोधित होने से पहले कुछ नई दवाईयाँ प्रयोगिक रुप के उपलब्ध हो सकती है। जिसमे नये न्यूक आदि जैसे डि.डि.फोर, एफ.सि, जि.एस.के.जि.डब्लू ६४०३८५, फाईजर ए.जि. ००१८५९ तथा एन. सि.आई.यू, आई.सि ०२०३०१ द्वारा नये सि.सि.आर. फाईभ इन्हिविटर आदि तथा पाना कोश प्रि.ए. ४५७ द्वारा एक मेचुरेशन इन्हिविटर समावेश हैं।

इन दवाइयों में प्रत्येक को लाइसेन्स प्राप्त होने की सम्भावना न होने पर भी ये दवाइयाँ आपको इस क्षेत्र मे हो रहे अनुसंधान का आभास प्रदान करती है। इनके बारे मे जानकारी रखना चाहिए और इनके प्रति आशावादी रहना चाहिए।